* Death occurred in New Delhi, on January 9, of Pandit Damodar Lal Raina, aged 85, revered father of Dr. J.P. Raina (Pamposh Enclave, New Delhi) and Shri R.P. Raina (N.C.E.R.T.). A well-known scholar of Persian, Arabic and Sanskrit, the late Raina Sahib belonged to the class of veteran teachers of the old school in the valley of Kashmir, known for their strict disciplined life and erudition, and was widely respected for his profound knowledge of the Hindu and Islamic scriptures.

We share the grief of the Rainas in their bereavement and pr[illegible] was [illegible]ace to the departed soul. [illegible]the auspicio[illegible] [illegible] technical hitche[illegible]

* A great trag[illegible]eld up its timely Jalla family on January [illegible]erefore, been con[illegible]i Krishen Jalla, younge[illegible] February issue [illegible]shi Nath Jalla passed [illegible] (M.P.) where [illegible]idisha tion Master[illegible] our best to re-schedule Sta- Jalla was a [illegible]programme and hope to no[illegible] Shri personalit[illegible]ation, beginning with the A[illegible]sing leaves beh[illegible] He sons.

—EDIT[illegible]

We deeply share the immense grief of Kashi Nathji and his brothers, Hriday Nath ji and Bansi Lal ji, and pray to God Almighty that he give strength to them and to the family of the deceased to bear this great shock manfully.

* Smt. Saubhagwati, wife of Pandit Bala Badhar Kaul, 86, Chinkral Mohalla, Srinagar died of heart failure on January 17 while crossing the Jawahar Tunnel on way to her home in Srinagar from Iammu. She was the mother of Shri Mohan K. Swaminatri, a Journalist of Srinagar.

* Death has occurred at Jammu on January 26 of Shri R.C. Pandita, revered father of Shri S.N. Pandita, District Magistrate, Aligarh. The deceased was a retired professor, educationist and a scholar of repute.

* Death occurred at Srinagar in February of the sister of Shri Hira Lal Zutshi (G-31, Naoroji Nagar.)

* Death occurred at the A.I.I.M.S., New Delhi on December 30, 1973, of Shrimati Leelawati Tiku, W/o Pandit Kesho Nath Tiku of Bagh Rainawari. Srinagar, Kashmir. She was the mother of Sarvashri M N. Tiku, (Advocate, Supreme Court), Girdhari Lal Tiku (P.W.D. Kashmir) and Moti Lal Tiku (Civil Engineer D.D.A). The deceased was the mother-in-law of Sarvashri J.N. Kaul (Executive Director, SOS Childrens Villages), S.L. Kichloo (M P. Eiucational Services) and C.L. Kaul (Chemical Engr., Pfizers Ltd. Chandigarh).

* Pandit Aftab Joo Bhat, father-in-law of Shri Jagan Nath Kaul (Treasurer, Kashmiri Samiti) and father of Shri Gopi Nath Bhat, Razdan Yarbal, Bana Mohalla, Srinagar, left for his heavenly abode on February 3, 1974, at Srinagar.

* Shri B.K. Dar, a leading advocate of Agra and a very noble and popular member of the Kashmiri Biradari of that city, passed away at Agra on February 14, 197 .

The Kashmiri Samaj, Agra, adopted a condolence resolution at a special meeting held on February 17 and observed two minutes' silence in the memory of the departed soul.

* Pandit Balbadhar Zutshi of London breathed his last on February 18 at London itself following a heart failure. The deceased was the brother of Shri Moti Lal Zutshi (W-62, Gr. Kailash) and uncle of Dr. N.L. Zutshi (Bombay). He was the cousin brother of Sarvashri A.N. Raina (Nanakpura), Jagan Nath Raina (Raja Park) and Janki Nath Raina (Dev Nagar).

* Pandit Aftab Ram Ganjoo, father of Air Commodore D. N. Ganjoo (Pamposh Enclave), Col. P.N Ganjoo, Sarvashri Ravinder Ganjoo, Brij Mohan Ganjoo Ashok Kumar Ganjoo and Shrimati Anju Sumbly, left for his heavenly abode at Jammu on February 19, 197 , the Maha Shivratri day.

Our heartfelt condolences to the bereaved families. May the souls of the departed rest in peace !

A CORRECTION

The following news-items erroneously published under the OBITUARY Column in our January 1974 issue, may be read as under :—

* The revered mother of Pandit Shyam Lal Shakdher, Shri P.N. Shakdher, Shri M.L. Shakdher, Shri Makhan Lal Shakdher and Shri Girdhari Lal Shakdher, and mother-in-law of Shri P.N. Dhar (Pamposh Enclave), passed away in New Delhi on December 29, 1973.

* Shri Dina Nath Dulloo, uncle of Shri Soom Nath Dulloo, Hydrologist (Ahmedabad), expired at Srinagar on November 20. 1973. Shri S.N. Dulloo is related to Shri N N. Kaul, General Secretary, Kashmiri Samiti Delhi.

The printing errors are regretted.

—EDITOR

MATRIMONIAL

Wanted suitable matches for two Kashmiri Pandit girls—One B.A. B. Ed; 23 years, serving as a teacher in Gorakhpur and the other, studying B.Sc. II Yr. at Gorakhpur; age 18 years. Father well placed. Please contact : Shri J.N. Kaul, JA-11B, Ashok Vihar, Delhi.

Statement about ownership and other particulars about newspaper Koshur Samachar required under the Registration of Newspapers (Central) Rules 1956.

(As amended)

FORM IV

(See Rule 8)

1.	Place of Publication	:	New Delhi
2.	Periodicity of its publication.	:	Monthly
3.	Printer's Name	:	Dr. G.N. Kaul
	Nationality	:	Indian
	Address	:	Kashmir Bhawan, Amar Colony, New Delhi-24.
4.	Publisher's Name	:	Dr. G.N. Kaul
	Nationality	:	Indian
	Address	:	Kashmir Bhawan, Amar Colony, New Delhi-24.
5.	Editor's Name	:	Dr. G N. Kaul
	Nationality	:	Indian
	Address	:	Kashmir Bhawan, Amar Colony, New Delhi-24.
6.	Names and Addresses of individuals who own the Newspaper and partners or shareholders holding more than one per cent of total capital.	:	Kashmiri Samiti, Delhi, Kashmir Bhawan, Kashmir Bhavan Marg, Amar Colony, New Delhi-24.

I, Gopi Nath Kaul, hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Dated : March 7, 1974.

Sd/ G.N. Kaul
Publisher.

कॉशुर समाचार

अंक १२	फरवरी-मार्च, १९७४/माघ-फाल्गुण, २०३०	सं० २-३

हेरथ

यि शुमॉर वाति गॉलिबन त्वहि निश तमि सात यलि त्वहि वरियुक अख बोड़ दोह—हेरथ—बार-कार त स्यठि बुथि मनॉवमच आसिवह। सोन करिव हेरच मुबारक क़बूल।

अमि बड़ि दुहचि् महिमा बखननच गुस्ताँखी छे न करनि्। तोहि छ दयन विद्या, ज्ञान त गाटजार द्युतमुत। अख कथ छे अलबत वननि् ज़ि अमि बडि दुहचि रीच, र्‌यवाज त रस्म यमि अनमान ब्रोंह मनावन ऑसि् यिवान, तिम छा सरिसोबूतइ किन तिमन छे काँह खन्ड्रन सपजमच ? यि सवाल जानुन ति छु लाजिमी ज़ि वक्तचि् न्राय त तकाज़ मा छि बदलेमित ?

गॉलिबन ह्यकि न काँह् ति यमि कथि निश इनकार करिथ ज़ि वक्त बदल्यो त निहायत तीज़ी साम छु बदलान। यिम values (मूल्य) रात सही ऑसि्, तिमै छि अज़ बेकार। यिमन हालातन मंज़ छु सवाल पाँद गछान ज़ि असि्—कॉशिर त खासकरिथ तिम बॉय, यिमौ रोज़गारकि तलाश बापत या ब्ययि कुनि वजह किनि् पनुन आबॉई अलाक़ त्राविथ हिन्दुस्तानकिस वसीअ दॉयरस मंज़ जाय रट, छा यथ ज़्वनस प्योमित ज़ि असि मा छि लस्न-बस्न, फबन-फाँफलन खॉत्र केंह नवि् तकाज़ पूर करनि ? असि छा यि सूंचमुत ज़ि असि् रोज़वाह् अकि तिछि खास बरादरी हुंदिस हैसियतस मंज़ बरकरार यम्युक पनुन अख तहज़ीबी त तमद्दनी वुजूद छु ? अगर असि पननि बरादरी हुंद वुजूद कॉयम थवन छु, त्यलि छा असि यि सोंचनुक संज़ करुन ह्योतमुत ज़ि तिम कम लवाजिमात छि, यिमौ सूति् यि मुराद पूर गछि यिम त यिथिय वार्याह सवाल छि तिम, यिम असि बड्यन द्वहन प्यठ याद पॉविथ व्यछनावनि् पज़न।

क्याह् ताम छु, युस असि 'हेरथ' या 'नवरेह्' हिविस बड़िस द्वहस प्यठ खासकरिथ मुतॉस्सिर करान छु! शायद छु योहै 'क्याहताम' सानि तमद्दनुक सु अंश, युस असि ब्ययन सूति् मुश्तरक ऑसिथ ति मखसूस इन्फरावियत दिवान छु। अमि किन्य् छि न असि् 'कुल' निशि अलग गछान, मगर पननि शखसियच हुँदि अमि खूबी किनि् छि असि् 'कुल' चि रंगीनी मंज अख जोदत त जिद्दत पाँद करान। यि छे न ब्यनिरच अलामत, बल्कि छे यि वहदतचि् अख खॉसियत। बागस छे त्यली शूब यलि तथ मंज रंग-रंग पोश आसन। क्वद्रती कथ छे ज़ि प्रथ काँह् कुल नियि पननि खॉसियच मुतॉबिक बुतरॉथ मंज पननि पोठनुक हिस्स, मगर फ्वलन विज़ि यियि सारिसइ पोशि-वनस शूब। यिथै कनि छु असि बरादरी व्वतलन त व्यकासस यिन बापत पननि आयि पनुन आधार बकार। सु रूद कायम त असि् फ्वलौ। लॉज़िमी अमर छु ज़ि सॉनि् फुलै बड़ावि बॉगचि् शूब। मगर सॉनि् मूल अगर तमि खादि त ज़रूरी अन्सर निशि महरूम रूदि, युस असि ग्वड़ भरि हे—सोन व्वकास किथ पॉठि् सपदि। यलि न फुलै लगि—बाग कति शोलि ! अवमुजूब छु ज़रूरी ज़ि असि् गछौ 'हेरथ' त 'नवरेह्' हिव्यन बड्यन द्वहन प्यठ पननिस इष्टदेव शिव सुन्द ध्यान करिथ यि ति स्वरनि् ज़ि असि् किथ पॉठि् तरौ।

चपाथ

एडीटोरियलस मंज 'चपाथ' दिनि् छे व्यज़ाब्तै; मगर बाजे छु अम्युक तज़किर बर्महल ति आसान। दिलि हंजि कॉशिरि बरादरी मंज़ आसि वार्याहन ब्यन्यन-भायन रंगमंचुक कॉशुर ड्रामा वुछनुक मौक़ म्यूलमुत। यि छु कशीरि हन्द्यौ नामी ड्रामानिगारौ—सर्वश्री पुष्कर भानन त सोमनाथ साधूहन ल्यूखमुत। यिम छि तिमै नामी फनकार त ड्रामानिगार, यिमन युहुस 'पद्‌श्री' एज़ाज़ दिन आमति्। यिमौ कश्मीर रेडियोहक 'ज़ून-डब' प्रोग्राम बूज़मुत आसि, तिम ह्यकन न हर्गिज़ ति 'आग़ सॉबस' 'आग़ बायि' त 'मामपिचस' मशॉविथ। तिमै गयि कलाकार, यिमन भारत सरकारन युहुस यि इज़्ज़त-अफ़्ज़ाई कर।

यिमवइ ड्रामानिगारौ छु ब्ययौ अलाव 'चपाथ' ड्रामा ति ल्यूखमुत युस कशीरि मंज़ अख स्यठहइ रुत ड्रामा क़रार दिथ यनामुक हक़दार ति बनावन आमुत छु।

योहै ड्रामा कोर कशीरि प्यठ आमत्यौ कलाकारौ रंगमंच तरफ़ कश्मीरी भवनकिस हालस मंज़ त्रयिमि फरवरी पेश। शायद करन ड्रामाहस प्यठ तन्क़ीदी नज़र त्रवनवालि् स्यानि् ब्ययि सॉथी अथ प्यठ अदबी अंदाज़चि् पननि् राय ज़ाहिर। स्य छे यतिनस अमि ड्रामा-किस उन्वानस प्यठ अख कथ वननि्-योस स्य यमि गुस्तॉखी निशि बरी करि जि संपादकीयुक उन्वान क्याज़ि छु 'चपाथ' त्रारन आमुत।

ड्रामाहस मंज छु सानि बरादरी हुन्द नमून पेश करन आमुत—बिल्कुल त्युथुय, युथ सु छु—पनन्यौ तमाम बेइमानियौ, छटरसियौ, बद्‌-दियानतियौ त जाहिरदारियौ सान!! असली तल छे ड्रामहचि सॉरइ यञ्‍ि् चपॉच हेंज़इ तैयारी—मगर छेकरस युस चपॉच हुंद 'च्वन्य्' अंजामस प्यठ गछान छु, अनकथ छु वुथिस कुन अथ गछान त योहै ततुर ह्यू व्यथान भासान।

तल सा वनितो, कॉत्याहन रोज़ि यि ततुर याद! हालांकि चपाथ लजि् प्रथ कांसि!!

'नज़्म'

अख तसव्वुर

—मोतीलाल 'साक़ी'

शाम छायौ त्रॉवि् बर्‌न्यन तॉरि् वथि्—
हुर्‌दः वावन दारि तल चिक़राय लॉज,
जन छु दुनिया हारि्सातन हुन्द वुन्यूब;
चॉगि्-गाशस तल किताबन मानि रोव—
लेफ़ि तल लर दिथ छि शुरि् चामति् ज़िपन,
बिस्तरस स्यॉनिस छु लोगमुत माघ-शाफ!
तूर हानान् आंगनस मंज डूनि्-कुल:
ऑलि्-नाशस जानवर फिरि-फिरि वुछान,
पश-दरन तल काव काकौ पान् छोप;
दान-कुठि मंज द्रायि वुनि्-वुनि् हॉर ग्यद—
म्यानि कांगरि त्राविहे वुह्‌वुन त्योंगुल!
वहि शिशर-गॉटन अन्दर हान्योम् रुह!!
क्याह वनौ ग्वड़ असि् छि बदलै खाव ह्यथ—
सानि बापथ जिन्दगी अख ओम-पन,
ग्यनि् गयस या बर लोगुस—म्वकल्यौ छयोन॥

['साकी' साब छि कॉशिरिक अख नॉमी शॉयिर। शारौ अलाव छे तिमौ नसर निगॉरी ति कुरमच त खासकरिथ कॉशिरि अदबकि त अदीबन हंदि् नॉदिर त कमयाब न्वस्ख़ तलाश करिथ पनन्यौ तहक़ीक़ी मजमूनौ सान शाया करनाविमित। तिहिंज अख याद-थवनि् लायक कॉम छे 'लुक-बॉतन हंज सोंबरन'। अडि दर्जन-ख्वत ज्यॉद हिस्सन मंज़ यिम लुक-बॉतन हंज सोंबरनि 'कश्मीर अकादमी' वुनिस्ताम छाप करिमच छे, तिमौ मंज छे सारिवय ख्वत ज्यॉद सोंबरन 'साक़ी' सँज़न कूशिशन हुन्दुय समर। अमि अलॉव छु तिमौ 'परमानन्द' सुन्द कलाम ति प्रो० जयलाल कौलस सूति् रलिथ तॉलीफ़ कोरमुत। 'गाशिर' किताबि मंज़ छु 'साक़ी' सॉबन कॉशिर्‌यन ग्वनमातन (शॉयरन) हुन्द हुस्नो-कुबूह परखोवमुत।

'आकाशवानी' छे प्रथ वरियि जम्हूरकिस जश्नस प्यठ हिन्दुस्तानच्यन सारिनइ ज़बान्यन हंदि अकि 'सर्वभाषा कवि गोष्ठी' हुन्द प्रबन्ध करान। अथ मंज छे मुकॉमी रेडियो स्टेशनौ ज़रिय वरियिच बेहतरीन नज़्म चॉरिथ सोजन यिवान। युहसच स्व नज़्म ऑस 'साक़ी' संज़ 'अख तसव्वुर' उनवानच नज़्म, योस प्यठ कनि दर्ज छे।
—सँ०]

नज़्म

—भारत भूषण पंडित 'पांचाल'

(१)

बुथाँड़ असि पोशन हुँज़ चट त्राँव लोवकुन,
व्वनि् बोलब्रोश हटि चानि व्वथान छुन !
बुलबुल साँग बुथि प्यठ व्यसर्योय—
व्वनि् रूद न प्रभातुक सोंत-समय;
दुपहर किनि् तच्च ताल सपनि्
व्वनि् मन् छु करान् स्यदि स्योद कर ह्यी—
माँदानस मंज़ बुथि् लाँ—

(२)

व्यसि्—
अज़ यथ व्वल वठिस प्यठ व्वल—
बिहिथ नख-नख दिथ अथस मंज़ अथ,
ख़ामोशी हुंज़ि यथ फ़रदि प्यठ
गर्म-गर्म रतचि लरि-लोर फिसरायि सूति्
टोप कड़व—चोन म्योन समसार म्यूठ,
व्वल असि् प्रभातस ताँनि्
सोंब्रो हलम् भरि-भरि—
ज़ून गाशिक लवः डूनि् ।
व्वल व्यसि्—
ताप प्रचन्डच आँही रटिथ
भरो ग्वड़ पगहकिस श्यहजारसइ ।
क्याह छु पय कर वाति योर—
कमन्द ह्यथ अग्निगट्युक काँह हरद-ग्र हुन !!

हिलालॅ तॅ हॉर

अफ़सान (शुर्यन लायक)

—अखतर महीउद्दीन

आँगनस मंज़ ओस । कुलिस ओस गॅंडिथ मंजुल त मजंलिस मंज़ ओस शोंगिथ हिलाल । हिलाल ओस ल्वकुट-म्वकुट शुर, नस्ति-पींचर हन करिथ । यि ओस म्वछि ज बुथिस सूति् दिथ खोखुत-म्वखुन करिथ मस न्यन्द्रि मंज़ गरा ब्रेडि् कडान त गरा असान । अगर हिलालनि माजि पृछौ, स्व वनिहा—"लजिससः बलायि । यि छुम फ़्स्तन सूति् गिन्दान ।"

कुलिस ओस पन गोन । ग्रशमुक ताफ़ ओस बड़ तोत, मगर कुलिस तल् ओस श्यहजार ।- अवै ओस हिलाल माजि सोवमुत अथ जायि त अवै आयि हॉरा अख वुडान-वुडान त बीठ कुलि्-लंगस प्यठ श्यहजार करनि । केंचस कालस श्यहजार करिथ त गर्मुक हा-हू मशरॉविथ ह्योत हारि बोलुन । अमिस आँस मीठ आवाज़ त यि आँस ल्वति-ल्वति ज़ाँविलि हटि बोलान । जाँहिर आँस कुलि्-श्यहजारस दुआयि-खाँर करान या शिहुल कुल पाँदः करनवॉलिस कुन शुकुर करान ।

अहँदि मोदरि बोलबोशि सूति् गौ हिलाल हुशियार । तस आँस राय जि यि छम माजि् मंजलिस नख बिहिथ बॉथ वनान । हिलालनि माजि ओस आदथ—स्व आँस हिलालस व्वनि मंज़ रटिथ ग्वड माह त मीठि् करान त पत आँसस ल्वति-ल्वति बॉथ वनाम—

'ह्वद च्यतो दाम-दाम गलि गले ।
हो-हो करयो अड़—कले ।।'

हिलालस यलि माजि हुंद यि बॉथ याद ओस प्यवान, सु ओस पानसुय सूति् तिथ कजि् असान, यिथ कञ्ि् व्वलाब प्वलान छु ।

वुनिकिस यलि सु हारि हुँदि बोल-बोशि सूति् हुश्यार गौ, तमि् दिच दछिन-खोवरि् नजरा । अति वुछन न माँज केंह । अमि् ह्याचोव वदनुक संज करुन, मगर अथि् मंज बूजुन हारि हुन्द बोलबोश व्ययि ।

कुलिस प्यठ हारि कुन नजरा प्यथ सूचुन जि यि क्वस छे बदलै जाथा, योस म्यानिय माजि हुँदि् पाँठि् ग्यवान छे । यि ओस वुनि सोंचाँनी जि हारि कोरुस कल सूति् व्वल-व्वल । आँखर वोनुस हिलालन, "ब छुस वुनि ल्वकुट । म्य छु न तगान पकुन, त च क्वस छख ?"

हारि वोननस—"म्य छु नाव हॉर। ब छस हुमि मकानचि डबितल बसान। वुनिकिस ओसुम गरम पोर्योमुत। अवै आयस यथ कुलिस प्यठ श्यहजार करनि।"

हिलालन दिच बड़ि मकानचि डबि कुन नजरा। जॉहिर करस यि जाय ख्वश। अवै वोनुन हारि, "यलि ब बोड़ गछ, ब ति यिमै ऊरि् बसनि।"

हारि दोपुस, "बेक्ल, ओत वाति सिरिफ वुड्वुन जानावार। च है इन्सान छुख, च्य कति तगी वुडुन? बय आसै च्य निश यिवान त आसथ बोलबोश बोजनावान।"

हिलाल गौ यि बूजिथ क्युथ ताम् जि बोड़ वॉतिथ ति तगि न म्य वुड्व करुन। सु ओस यिय् सोंचान जि हेरि किन्य वोथ असमॉनि शोर। गूं-गूं आवाज ऑस च्वपासे। हारि ख्यौ त्रास ह्य्. त हिलाल लोग अस्मानस थलि-थलि वुछनि। अति वुछ अमि् पख-जोराह् करिथ जानावारा वुड़ान त वुड़ान-वुड़ान गूं-गूं करान। हिलालन प्रुछ हारि—"यि कुस जानावार गौ?"

हारि दोपुस—"यि छु न जानावार। यि छि वास्तरव ब्यजुव मिशीनाह्, अथ मंज छि इन्सान आसान।"

हिलाल गौ ख्वश त दोपनस, "यलि बो बोड़ गछ, बो आसै अथि् मिशीनि क्यथ च्य निश यिवान।"

हारि दोपुस, "न, न, हर्गिज न। यि मिशीन ह्यथ यिजि न जॉह्इ सोन। न, न! च ति छुख इनसान। म्य पजि च्य खोचुन। ब चल।"

हिलाल गौ हैरान जि अमा यि हार क्याजि खूच अथ मिशीनि। तमि् वोन हारि—'चल् म! म्य वन त च क्याजि छख अथ मिशीनि खोचान।"

हारि दोपुस—"अथ छि असि् सॉरिय जानावार खोचान। असि छु बूजमुत जि इन्सान छु मंजि्-मंजि् अमि मंजः नार-बंगोल त्रावान, यमि सूति् जानावार छि मरान, शिहिल कुलि् छि गलान त बड्यन मकानन हुंजन डवन लय सॉनि् ऑलि् छि दजिथ प्यवान।"

यि वनिथ चजि् हॉर। हिलाल गौ क्युथ ताम्। तमि् कोड़ त्रोड़ त लोगुन वदुन।

हिलालनि् मॉज आयि दवान त दौरान। हिलाल तुलुन ख्वनि, वछस सूति् रोटु नत करिनस मीठि्। सूतिय वोननस—'लजिसया बलायि। च करु वॉतहम बोड़। ब हा अननै च्य हॉर-हिश आश्यनि्।"

हिलाल वनिहस पननि् किनि्—"मॉजी! यिमन दफ़ तै यिन अस्मॉनि् मिशीनि मंज नार-बंगोल त्रावन। तथ छि हारि खोचान।"

मगर वनुन तोगुस न, तिक्याजि वुनि ऑसस न ज्यव आमच।

कॉशुर समाचार

अंक १२ | फरवरी-मार्च, १९७४/माघ-फाल्गुण, २०३० | सं० २ व ३

शुभ शिवरात्रि

गणराज्य दिवस की गरिमा और गौरी तृतीया की महिमा के तुरन्त बाद २८ जनवरी को बसन्त पंचमी की अद्‌भुत सिहरन का अनुभव करने के साथ ही साथ मन में नई उमंगों का प्रस्फुटन किसको नहीं हुआ होगा। जाड़े को बिदा करने के साथ-साथ हमें नई उमंगों को रचनात्मक कार्यों की ओर मोड़ देना होगा ताकि हमारा जीवन सार्थक हो। वास्तव में माघ मास के पुण्य पर्वों की परिणति पर शिवरात्रि के शुभ और मंगलमय त्यौहार की तैयारियां आरम्भ होती हैं। वर्ष भर का यह सर्वश्रेष्ठ त्यौहार इस वर्ष १९ फरवरी को मनाया गया। हमारी पवित्र परम्पराओं और गरिमामय संस्कृति के ताने-बाने में शिवरात्रि का पुण्य पर्व हमें प्रति वर्ष इस बात का स्मरण कराता है कि सृष्टि का आरम्भ शिव और पार्वती की प्रणय-लीला से ही हुआ था। वास्तव में प्रकृति और पुरुष के मिलन के रहस्य को शिव और पार्वती के प्रणय-सूत्र में बांधकर हम कश्मीरियों ने उसे शिवलग्न का लाक्षणिक रूप दिया। इसी पर्व को हम आदिकाल से प्रति वर्ष शिवरात्रि या महारात्रि के रूप में मनाते आ रहे हैं। पर्वतीय प्रदेशों के लिए इस पुण्य उत्सव की जितनी महिमा है उतनी कदाचित् अन्य प्रदेशों के लिए नहीं। यही कारण है कि काश्मीर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक जनजीवन में इस महोत्सव का महत्त्व है। महर्षि दयानन्द का बोध-उत्सव भी इसी पुण्य पर्व से जुड़ा हुआ है जो एक और रूप में ज्ञान का बोध कराने का महान् अवसर है। जहां शिव है वहां कल्याण है। हम शिवरात्रि के इस पुण्य और मंगलमय त्यौहार पर सारी बिरादरी को बधाई देना चाहते हैं और भगवान् शिव से यही प्रार्थना करते हैं कि सबका कल्याण हो।

'नवरेह' महोत्सव पर 'काशुर समाचार' की ओर से समस्त बरादरी को हार्दिक बधाई।

संक्षिप्त समाचार

राजधानी से

सप्रू का स्थानान्तर

श्री अवतार कृष्ण सप्रू, (भू०पू० प्रवक्ता, लोक-प्रशासन कश्मीर विश्वविद्यालय) जिन्होंने भारतीय खाद निगम में प्रशिक्षण अधिकारी का पद ग्रहण किया है, को सिन्दरी से नई दिल्ली स्थानान्तरित किया गया है। उन्होंने जनवरी ७४ के द्वितीय सप्ताह में यहां पद-भार ग्रहण किया। निवास स्थान का पता :—बी० २४, ग्रीन पार्क नई दिल्ली-१६।

जुत्शी का नया कार्यभार

श्री मोती लाल जुत्शी ने हाल ही में भारत सरकार की हिन्दुस्तान पेपर कारपोरेशन के प्रधान एवं प्रबंध-निदेशक का पद सम्भाला है। श्री जुत्शी पेपर, पल्प और संबद्ध उद्योगों की प्रश्रय-परिषद् के भी सभापति हैं।

रैणा साहब सलाहकार नियुक्त

डा० महाराज कृष्ण रैना, जो कि बलारपुर पेपर

और स्ट्रा बोर्ड मिल्ज के आर्थिक सलाहकार हैं, को भारत का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है अंतराष्ट्रीय चैम्बर आफ कामर्स कमीशन ऑन मार्केटिंग, एडवर्टाईजिंग एण्ड ट्रांसपोर्ट में। वे पंजाब, हरियाणा तथा दिल्ली की चैम्बर आफ कामर्स की इकोनामिक कमेटी के सह-सभापति भी हैं।

डा० भट्ट का प्रस्थान

श्री आई. के. भट्ट जो इर्विन हास्पिटल में रजिस्ट्रार थे इंगलैंड के लिए प्रस्थान कर गये। डा० साहब आगरा के श्री टी.एन. भट्ट के सुपुत्र हैं।

सात काश्मीरी एम.बी.बी.एस. में उतीर्ण

दिल्ली विश्व-विद्यालय की एम.बी.बी.एस. परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सफल स्नातकों में इस वर्ष सात काश्मीरी भी हैं—चार कन्यायें और तीन लड़के। इनके नाम हैं :—

१. कु० नलिनी कौल सुपुत्री डा० टी.एन. कौल (निजामत) गोगजी बाग श्रीनगर। यह विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण हुई।
२. कु० रजनी सराफ, सुपुत्री श्री ब्रजनाथ सराफ (शक्ति नगर)। इन्होंने विश्वविद्यालय में द्वितीय एवं अपने मौलाना आजाद कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
३. कु० सरोज, सुपुत्री श्री ए. एन. कौल (ग्रेटर कैलाश)।
४. कु० शशि भट्ट, सुपुत्री श्री सोमनाथ भट्ट (सह-निदेशक रेलवे बोर्ड)
५. श्री उपेन्द्र साधु, सुपुत्र श्री प्रेमनाथ साधू, प्रधान काश्मीरी समिति
६. श्री दिलीप काक, सुपुत्र श्री सोमनाथ काक (लोधी कालोनी)।
७. श्री संजीव कौल।

इन सबको हमारी हार्दिक बधाई।

साक़ी राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में

इस वर्ष के गणतंत्र दिवस पर हुये सर्वभाषा कवि सम्मेलन में काश्मीरी का प्रतिनिधित्व किया श्री मोती लाल साक़ी ने। इस वर्ष की विशेष बात यह थी कि इस काश्मीरी कविता का अनुवाद करने का काम सौंपा गया था श्री मोहन निराश को जो स्वयं एक जाने-माने कवि हैं।

तिक्कू कोयलाखान अधिकरण में

श्री महाराज कृष्ण तिक्कू (श्रीनिवास पुरी) कोयला खान अधिकरण में मैकेनिकल अभियंता के पद पर नियुक्त हुये हैं।

रंगरू सत्संग मंडल के प्रधान

श्री ओनकारनाथ रंगरू को दिल्ली की सत्संग मण्डल का प्रधान चुना गया है। यह संस्था एक धार्मिक और समाज सेवी संस्था है।

श्री कौल एंटि कोरप्शन बाडी के प्रधान

श्री द्वारका नाथ कौल, डी. आई. जी. को जम्मू काश्मीर के एंटि-कोरप्शन कमिशन का प्रधान नियुक्त किया गया है।

प्रोफेसर कौला को सम्मान

प्रो० पी. एन. कौला जो बनारस विश्वविद्यालय में लाइब्रेरियन हैं, मार्च मास में अपने सफल एवं गरिमामय जीवन के ५० वर्ष पूरे करने जा रहे हैं, तथा पिछले ३० वर्षों से लाब्रेरी के काम को प्रश्रय देते आये हैं। उनके प्रशंसक, सहकर्मी एवं छात्र उन्हें सम्मानित करने हेतु एक पुस्तिका भेंट करने जा रहे हैं। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है जिसके महासचिव होंगें श्री वेलगा वैकटपैय्या। इस संस्मरण पत्रिका में जाने-माने लाईब्रेरियन भारत के और भारत के बाहर के अपने लेख आदि सम्मिलत करेंगे। श्री कौला के नाम पर एक एंडाउमेंट एवं स्वर्णपदक की व्यवस्था भी की जा रही है जो लाइब्रेरी विज्ञान के श्रेष्ठ प्राधापक को दिया जायेगा।

जस्टस भट्ट काश्मीर भवन में

सनातन धर्म युवक सभा काश्मीर के प्रधान जस्टिस जानकीनाथ भट्ट गत मास काश्मीर भवन में पधारे। उन्होंने समिति के काम एवं उपलब्धि को देखा और

समिति के प्रधान, महासचिव आदि के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। काश्मीर की सामाजिक, एवं राजनीतिक गतिविधियों पर भी उन्होंने प्रकाश डाला।

मधु बजाज की कला प्रदर्शनी

३ फरवरी से ६ फरवरी तक त्रिवेणी कला संगम में श्रीमती मधु बजाज वंगू, सुपुत्री श्री प्रेमनाथ बजाज (हौज खास) की एक सफल कला प्रदर्शनी हुई।

१६४७ में मधु का जन्म श्रीनगर में हुआ था और उनकी शिक्षा-दीक्षा दिल्ली में हुई। बड़ौदा में वह कला प्रशिक्षण के लिए गईं जहां उनके गुरू थे विख्यात कला-विद्ध के.जी. सुब्रमेन्यम्। १६६६ में स्नातकता प्राप्त करने के उपरान्त मधु ने डा० रत्न पारिमू के अधीन स्नातकोत्तर शिक्षा ग्रहण करके कला में एम.ए. पास किया १६७१ में। गत दो वर्षों से मधुजी नये प्रयोग करती रही हैं। हम उनकी सफलता की कामना करते हैं।

चार काश्मीरी पद्मश्री से सम्मानित

इस वर्ष के गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में जिनको सम्मानित किया गया उनमें चार काश्मीरी भी हैं जिनमें से तीन रेडियो काश्मीर से सम्बद्ध हैं—श्री पुष्कर भान, श्री सोम नाथ साधु तथा श्रीमती मरियम बेगम। चौथे व्यक्ति हैं श्री गुलाम कादिर लाला, प्रसिद्ध कालीन-कला विद्ध।

भूषण जी की उपलब्धि

श्री भूषण रैणा जो रीजनल इंजीनियरिंग कालेज श्रीनगर से सम्बद्ध हैं और श्री रत्न रैणा (कालका जी) के भाई हैं, को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेकनोलोजी की ओर से गणित में पी.एच.डी. की उपाधि दी गई है।

बम्बई से

नई संस्था का जन्म

बम्बई में हाल ही में काश्मीरी पंडित युवा संस्था की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य है सामाजिक गतिविधि बढ़ाना तथा मानसिक और शैक्षणिक उन्नति के साधन उपलब्द करना। इसके कार्यकर्त्ता इस प्रकार हैं :—

प्रधान	—	श्री एम.एल. कौल
उप-प्रधान	—	कु० प्रवीणा कौल
महा-सचिव	—	श्री सुरेश कुमार सप्रू
उप-सचिव	—	कु० नीरजा वांचू
साहित्यिक-सचिव	—	कु० नीना बाम्जई
कोषाध्यक्ष	—	श्री एम. रेवो

ग्वालियर से

बिरादरी की वार्षिक बैठक

३० दिसम्बर को ग्वालियर कश्मीरी बिरादरी की वार्षिक बैठक हुई। इसके सभापति थे श्री डी.एन. पारिमू। इस अवसर पर वार्षिक चुनाव भी हुये जिनका परिणाम यूं है :—

प्रधान	—	डा० चांद नारायण हाकसर
मंत्री	—	श्री सालिग्राम धर
उप-मंत्री	—	श्री बी.एल. दुर्रानी
सदस्य	—	श्री डी.एन. पारिमू, डा० ए.एन.के. अदालती, श्री जे.एल. फोतेदार, श्री आर.सी शिवपुरी, श्रीमती कमला जुत्शी, श्री शम्भू नाथ कौल, श्री ओ.एन. ठुस्सू। बिरादरी का नया विधान बनाने के लिए एक उप-समित का भी गठन किया गया।

श्रीनगर से

(प्रेषक : चमन लाल सप्रू)

स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति प्रतिष्ठा

माघ कृष्ण सप्तमी (१४ जनवरी ७४) को श्री रामकृष्ण आश्रम, शिवालय, कर्णनगर, श्रीनगर के पूजा-कक्ष में स्वामी विवेकानन्द के १११वें जन्म दिन के अवसर पर स्वामी जी की समाधि-मुद्रा में भव्य संग-मर्मर की मूर्ति की प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर हवन,

भक्ति-संगीत एवं भाषणों पर आधारित बड़ा ही सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उक्त मूत्ति श्री इन्द्र कृष्ण कौल (बुजू) के सत्प्रयत्नों से पूना के एक प्रसिद्ध मूर्त्तिकार ने बनाई है।

साहिब सप्तमी का उत्सव

माघ कृष्ण सप्तमी (१४ जनवरी ७४) को ही नवाकदल में श्री अलख-ईश्वरी रूप भवानी के आश्रम में यथापूर्व श्री रूप भवानी का वार्षिक श्राद्ध बड़ी श्रद्धा से सम्पन्न हुआ।

रामतीर्थ शताब्दी समिति को अनुदान

स्वामी रामतीर्थ जन्म शताब्दी समिति की प्रदेश-समिति को राज्य में शताब्दी समारोहों के आयोजन के लिए ज०क० सरकार ने चार हजार रु० का अनुदान स्वीकृत किया है।

राष्ट्रभाषा समिति का सर्व-भाषा कवि सम्मेलन

गणतन्त्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर ज०क० राष्ट्र भाषा प्रचार समिति की ओर से एक सर्व भाषा कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता श्री गुलाम मुहम्मद भट्ट (विधान सभा सदस्य) ने की।

"कश्मीरी की प्रतिनिधि रचनाऐं" का प्रकाशन

डा० शिबन कृष्ण रैणा द्वारा लिखित 'कश्मीरी की प्रतिनिधि रचनाएं' पुस्तक को हिन्दी के प्रमुख प्रकाशक भारतीय ज्ञान पीठ ने अभी-अभी प्रकाशित किया है।

पण्डित 'अभय' को अनुदान

पण्डित रामचन्द्र कौल 'अभय' जो कश्मीर के एक आर्य मिशनरी, प्रसिद्ध समाज सेवी एवं एक वयोवृद्ध पत्रकार हैं, को उनके शोध-प्रबन्ध "ब्रह्मर्षि देश कश्मीर" के प्रकाशनार्थ १५००) का आर्थिक अनुदान ज०क० राज्य की सांस्कृतिक अकादमी की ओर से मिला है।

कश्मीरी कवि का निधन

श्रीनगर के प्रसिद्ध कश्मीरी कवि पं० लस कौल "शायक" का पिछले दिनों श्रीनगर में देहान्त हो गया। श्री "शायक" पिछले कई वर्षो से दमे की बीमारी से पीड़ित थे और स्थानीय हिन्दू हाई स्कूल में अध्यापक थे। श्री "शायक" अपने पीछे विधवा मां और छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गये हैं। राष्ट्र भाषा प्रचार समिति की साहित्य संस्था ने एक प्रस्ताव के द्वारा कल्चरल अकादमी से अनुरोध किया है कि श्री "शायक" के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाय और उनके सम्पूर्ण कलाम को प्राप्त करके प्रकाशित किया जाए एवं उससे प्राप्त 'रायल्टी' स्वर्गीय "शायक" के परिवार को दी जाय।

नन्द अम्बरदार दिवस

स्वर्गीय नन्दलाल अम्बारदार की स्मृति में जनवरी में कश्मीरी बज्मे अदब, श्रीनगर की ओर से एक साहित्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वर्गीय अम्बारदार कश्मीरी भाषा के एक प्रतिष्ठित कवि थे और आज से एक वर्ष पूर्व उनका जम्मू में देहान्त हो गया था। उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बज्मे-अदब ने सरकार से अनुरोध किया है कि उनके अप्रकाशित काव्य-संग्रह को प्रकाशित करने की व्यवस्था की जाए।

शिवरात्रि और हमारा समाज

त्रिलोकी "कुन्दन"

पिछला मास काश्मीरियों के लिए बड़ा ही महत्त्वपूर्ण मास था। जिस उत्साह से बंगाल में दुर्गापूजा, महाराष्ट्र में गणेश पूजा, केरल में पोंगल और उत्तर प्रदेश में होली मनाई जाती है उसी उत्साह और उल्लास से हम लोग काश्मीर में शिवरात्रि मनाते हैं और यह महान् पर्व फरवरी मास की १६ तारीख को मनाया गया। शिव, जो कि शान्तिदायक भी है और कल्याणकारक भी, बरसों से हमारा आराध्य देव रहा है। इसके साथ-साथ शिव प्रिया शक्ति भी हमारे लिए उपासना की देवी रही है। कारण सम्भवतः यह कि जहां एक और शिव कैलाश से सम्बद्ध हैं वहां शिव-प्रिया पर्वत-पुत्री कही जाती है। इसी कारण से शिव और शक्ति का यह मिलन हम शिवरात्रि के पर्व के रूप में मनाते है। इसका धार्मिक पहलू हैं वटकनाथ की पूजा जिसमें 'सञ्पोतुल' के साथ-साथ 'वॉगुर', 'ऋष डुल', 'डुलिज' आदि न जाने कितने ही प्रतीकों की अर्चना पूजा होती है जो शिव के अनेक रूपों और शक्तियों का ही कदाचित् प्रतिनिधित्व करते हों। परन्तु इससे भी अधिक स्पष्ट है और स्थूल रूप हैं इसका सामाजिक पहलू। इस पहलू का आभास कृष्णपक्ष के आरम्भ होते-होते ही मिलता है जब स्त्रियाँ अपने पिता के घर जाने लगती हैं इस विचार से कि पीहर के स्वच्छंद वातावरण में वे पूर्ण तसल्ली से महा धो कर, सज संवर कर अपने पति के घर लौट आयेंगी इस पवित्र त्योहार को धर्मपूर्वक मनाने के लिए। फिर हुर्य ऑठम से लेकर डुज मावस तक कितने ही समाजिक रीति रिवाज हैं जो इस शिवरात्रि से सम्बद्ध हैं।

समय के साथ-साथ अन्य अच्छी बातों की तरह इस महान् पर्व के साथ सम्बद्ध हमरे रीति-रिवाजों में भी बुराइयां आती गईं। अखरोट जो एक नैवेद्य के रूप में वितरित होता था उसकी गिनती में दिनों दिन वृद्धि होती गई। शिवरात्रि पर दिये जाने वाले "कांगडी और खडाऊं" लकड़ी से पीतल, पीतल से चांदी और चांदी से सोना बन गई। कदाचित् अब कांगड़ी के स्थान पर इलेक्ट्रिक हीटर और खडाऊं के स्थान पर चमचमाता सैंडल दिया जाने लगा हो। पोशाक में आमूल परिवर्तन हुआ। शिव-रात्रि पर दिये जाने वाले खर्च के चंद रुपये एक बहुत बड़ी रकम बन गये। शिवजी तो कैलाश पर वहीं के वहीं हैं, पार्वती भी उनसे संलग्न यह लीला देख रही हैं। वटकनाथ भी ठाकुरद्वार में वैसे ही हैं पर हम कहां से कहां पहुंच गये। कोई आश्चर्य नहीं कि आज की युवा पीढ़ी की यह सारा प्रपंच और आडंबर सब कुछ मिथ्या, अर्थहीन तथा हास्यास्पद सा लगता है। उनकी तो इन पर्वों पर से आस्था उठ गई। उन्हें यह उनका इसमें दोष भी क्या है। एक ओर जब उन्हें आजकी आर्थिक कठिनाइयों से जूझना पड़ रहा हो तो दूसरी ओर का यह महंगा धर्म भला उन्हें कैसे भाये ?

आइये इस वर्ष इस पुण्य पर्व पर हम संकल्प लें कि हम इस उत्तम और कल्याणप्रद शिवरात्रि को इसके वास्तविक रूप में पहचानेंगे और आगामी वर्षों में इसे शुद्ध धार्मिक रूप में ही मनायेंगे। शिव से मन की शान्ति के लिए याचना करें। शक्ति से बुद्धि और बल का दान लें तथा शिव और शक्ति के मिलन की इस यामिनी में धर्म के मूल तत्व को पहचानें। इसका तात्पर्य यह नहीं कि हम इस पर्व के सामाजिक पक्ष की अवहेलना करें। अपितु सामाजिक पक्ष को और अधिक सुखकर एवं श्रेयस्कर बनायें। हमारे धर्म की एक बड़ी विशेषता यह है कि वह कुछेक सिद्धांतों का एक बण्डल न होकर जीवनक्रम के रूप में उभरा है। इसलिये नितांत आवश्यक है कि सामाजिक पक्ष को अधिक मनोरम बनाया जाये। बहू-बेटियां पितृ गृह आयें, बच्चों को शिव-रात्रि के रुपये मिलते रहें, अखरोट का वितरण भी नैवेद्य के रूप में होता रहे परन्तु यहीं तक—इससे आगे नहीं। आडम्बर और दिखावा न हो। इन प्रथाओं को सम्मान का माप दण्ड न बनने दिया जाये। तभी हमारा कल्याण होगा। तभी शिवरात्रि शिव होगी अर्थात् कल्याणकारी।

आइये हम सब मिलकर प्रार्थना करें कि यह पवित्र त्योहार हमारे लिए शुभ हो और हमारा समाज और हमारा देश हर प्रकार से उन्नति करे।

कश्मीर के संत कवि 'परमानन्द'

कुमारी सुशीला काक (ग्वालियर)

जीवन में आस्था का विशेष महत्व है और जब यह आस्था हिल जाती है तो जीवन की सम-रसता समाप्त हो जाती है। ऐसा जीवन भी एक समस्या बन जाता है। इस सम-रसता को स्थाई बनाने का काम महात्माओं ने भक्ति के माध्यम द्वारा किया है। उन्होंने ऐसे मूल तत्वों को प्रतिपादित किया जिनसे जीवन जीवंत भी रहता है और वृत्ति की सात्विकता, आचारों की परिष्कृति तथा दृष्टिकोण की व्यापकता का एक अमोघ क्रम चलने लगता है। ये संत युग को संस्कृत करते हैं और व्यक्ति को अनुदार, असहिष्णु एवं अनास्था की वृत्ति से मुक्त कर उस अव्यक्त शक्ति के प्रति आस्थावान बनाते हैं जो सच्चिदानंदमय है।

ऐसी ही एक दिव्य शक्ति का आविर्भाव कश्मीर में सन् १७९१ ई० में हुआ था, जो परमानन्द के नाम से कश्मीर में सम्मानित हुए। भाषा की कठिनाई के कारण तथा अनुवाद के अभाव में शेष भारत उनकी गरिमा से भिज्ञ नहीं है।

संत परमानन्द अनन्तनाग के समीप मटन नामक स्थान के निवासी थे। उनके पिता पटवारी थे तथा बाद में परमानन्द, जिनका वास्तविक नाम पं० नन्दराम था, अपने पिता के स्थान पर पटवारी बने। आरम्भ से ही वे संत स्वभाव के वैष्णव थे। कहा यह जाता है कि अपने पुत्र के असामयिक निधन के बाद तो वे पूर्ण विरक्त हो गये थे। उस समय अमरनाथ की यात्रा पर जो साधु संत जाते थे उन्हें मटन होकर जाना होता था और परमानन्द उनके सत्संग में भक्ति, आध्यात्म आदि का ज्ञान उपार्जित किया करते। उन पर सूफी संतों व ग्रंथ साहब का भी प्रभाव दिखलाई देता है। धर्म का दर्शन का अनूठा सामंजस्य उनके काव्य में है।

परमानन्द हिंदी के कृष्ण भक्त कवियों की तरह कृष्ण लीला का वर्णन करते हैं किन्तु उनमें आध्यात्म का पुट गहरा दिखलाई देता है। वे स्वयं भी कहते हैं :—

सत-गुर त बब स्योन श्री कृष्ण हव।
त्रैलोकी छ देह त सु छुस जीव॥

(अर्थ—श्री कृष्ण मेरे आध्यात्मिक गुरु और पिता हैं ये तीनों लोक शरीर हैं जिसकी आत्मा वे श्री कृष्ण हैं।)

अन्यत्र उन्होंने कहा है :—

व्रच म्याञि गोपियि चय पत लारान।
बंसुरी-नाद वाद मतानो॥
नशिरित हिस त होश, मशिरित पर त पान।
चित विमर्श दिप्तिमान भगवानो॥

(अर्थ :—मेरे मस्तिष्क में उत्पन्न होने वाले विचार, इच्छा आदि विकार ही गोपियां हैं जो पागल बना देने वाली तेरी बांसुरी की ध्वनि पर केवल तुझे ही खोजती हैं।)

इन पदों में परमानन्द का आध्यात्म स्पष्ट है। इसी प्रकार उनकी भक्ति भावना उनके निम्नलिखित पद से स्पष्ट है :—

हृदि-मंदिर में श्याम सुन्दर को।
सोहम जप-जप जपो ओमकार॥
प्रणव उपासन करो निश-दिन का।
मन का दीवा बाल॥

परमानन्द के पदों में कश्मीरी बोली के अतिरिक्त फ़ारसी, हिंदी और डोगरी का भी प्रयोग हुआ है यह इन पदों से स्पष्ट है। इस सारे मिश्रण का कारण भी यही है कि उन्हें देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले संतों का सहवास प्राप्त हुआ था तथा उन्हीं का प्रभाव उनकी भाषा व विचारों पर पड़ा था।

परमानन्द के पदों में ही उनके मन की व्यथा भी हमें बिखरी दिखलाई देती हैं। अन्तिम दिनों में उन्हें कम सुनाई देने लगा था, इस पर उनका यह शिकायत भरा फारसी पद व्यथा और परिहास दोनों का बहुत अच्छा उदाहरण है :—

हमें गुफतम खुदावंदा करम कुन।
नमे गुफतम खुदावंदा करम कुन॥

(अर्थ—मेरी प्रार्थना यह थी कि परमेश्वर रहम कर, न कि हे परमेश्वर मुझे बहरा कर।) इसमें करम शब्द का दो अर्थ—१. रहम, २. बहरा—को बहुत सार्थक रूप में उपयोग किया है। इसमें परमानन्द के फारसी ज्ञान का भी हमें आभास हो जाता है।

संत परमानन्द का वास्तविक नाम नन्दराम था और उनके पिता का नाम था कृष्ण पंडित, इस संदर्भ में उन्होंने अपने इष्ट देव की बहुत सुन्दर ढंग से चुटकी ली है :—

बाप हमारा कृष्ण हुआ पिता तुम्हारा नंद।
आपस में क्या पहुंचाँगा हम आप करो दर दाम॥

(अर्थ—तुम्हारा नाम कृष्ण है अतः तुम मेरे पिता हो किन्तु तुम्हारे पिता नंद थे, जो मेरा भी नाम है, अब यह तो तुम ही फैसला करोगे कि मेरा व तुम्हारा रिश्ता क्या है।)

उन्होंने करुणा का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है कि व्यक्ति का हृदय दहल जाता है :—

कुन त केवल सार सूरमच आश।
नितपुर त नेत्रन न रूदुमुत गाश॥

(अर्थ—मैं पुत्र विहीन हूं, मेरी आंखों की रोशनी भी चली गई है। मैं अकेला और बेसहारा हूं।)

संत कवि परमानन्द के पदों को सुरक्षित रखने तथा उनके संग्रह का बहुत कम प्रयास हुआ है। उनके साहित्यिक मूल्यांकन की भी आवश्यकता है। कश्मीर के बाहर परमानन्द से बहुत लोग कम परिचित हैं। परमानन्द में आध्यात्म, भक्ति और साहित्यिक क्षमता का सुन्दर सामंजस्य मिलता है। इस महाकवि पर शोध की बहुत अधिक सम्भावनायें हैं। इनके पद गेय हैं और संभवतः इसीलिये वे किसी प्रचलित कश्मीरी लिपि के अभाव में भी कश्मीरी परिवारों में गाये जाते रहे हैं। परमानन्द की भाषा और भावों का माधुर्य इतना अधिक है कि उनको गाते हुए व्यक्ति उनमें पूरी तरह तन्मय हो जाता है।

सांस्कृतिक गतिविधियां

फरवरी के उत्तरार्द्ध में राजधानी में व्यस्त कार्यक्रम रहा। काश्मीर भवन साहित्यिक गतिविधियों का केन्द्र रहा। सर्वप्रथम रंगमंच नाट्य संस्था श्रीनगर के कलाकार पधारे। हमारी समिति की सांस्कृतिक शाखा के सहयोग से उन्होंने अपना पारितोषक प्राप्त नाटक 'चपाथ' (थप्पड़) समिति के रंगमंच पर खेला तीन फरवरी को। यह नाटक पद्मश्री पुष्कर भान तथा पद्मश्री सोमनाथ साधु ने लिखा है। यह नाटक देखने के लिये दर्शक इतनी तादाद में आये कि भवन के हाल में तिल धरने को भी स्थान नहीं था।

इन्हीं दो लेखकों की अन्य कृत्ति एक हास्य नाटक 'ग्रैंड रिहर्सल' रंगमंच ने नई दिल्ली म्यूनिसिप्ल कमेटी के भवन में खेला। यहां भी राजधानी के कोने-कोने से काश्मीरी आये थे नाटक देखने इसी मास की छः तारीख को।

९ फरवरी को रंगमंच के कलाकारों एवं समिति के कलाकारों ने मिलकर 'ऋषि वार' नामक प्रोग्राम भवन के रंगमंच पर प्रस्तुत किया। इसमें गाने, नग्मे, छकरी के अतिरिक्त हास्य नाटिकायें एवं संगीत रूपक भी दर्शाये गये।

१२ फरवरी को श्रीनगर से आये कलाकेन्द्र के कलाकारों ने अपना प्रसिद्ध ऐतिहासिक नाटक 'छाय' प्रस्तुत किया।

१४ फरवरी को वार्षिक महायज्ञ हुआ जिसको पूर्व रात्रि को तथा दिन भर भजनों एवं कीर्तन का भक्तिभाव से प्रोग्राम हुआ।

इन सब कार्यक्रमों का विस्तृत वर्णन हमारे अगले अंक में प्रकाशित किया जायेगा।

—श्यछि वोल

प्रेम-परमेश्वर

मूल लेखक :—'मास्टर जी'
अनुवाद :—बच्चन

तुम्हारी शक्ति का प्रियतम, नहीं मैं जानता दूजा ।
हृदय मंदिर की तुम प्रतिमा, बनो तो मैं करूं पूजा ।।

नयन रस-रूप रंगत, औ'श्रवण संगीत लाये हैं ।
तुम्हारे ही लिये ये प्रेम के प्याले सजाये हैं ।।

मगर तुम तप की मंजिल पर गगन से मुस्कराते हो,
बताओ तो मेरे दिल में नहीं क्यों तुम समाते हो ?

गगन से गिर बना बंदी धरा के कैदखाने में,
इसे दे तोड़, ताकत है तुम्हारे ही निशाने में ।।

जमीं पर रेंगता हूं, पर अगर दो बनके परवाना,
तुम्हारी लौ के चारों ओर घूमूं बनके दीवाना ।

भंवर हूं, तुम कमल-चरणों में अपने कब बुलाओगे ?
यह तन है सेज कांटों की मुझे कब तक सुलाओगे ?

उगाई मोतियों की फस्ल आंसू धोके जीवन में,
तुम्हारी पांवरी को साज दूं, यह साध है मन में ।

हुआ गंदला धर्म का नीर मत-पंथों की धारों में,
मुझे पीने दो वह जल जो नहीं बंधता किनारों में ।

मैं हर जर्रे में देखूं खुदको, सबमें एक को पाऊं,
दुई रहने न पाये मैं कुछ ऐसा तुममें मिल जाऊं ।

[यह कविता मास्टर जी ने वर्षों पहले गणतंत्र दिवस पर हुए अखिल भारतीय सर्व भाषा कवि-सम्मेलन में पढ़ सुनाई थी और इसका अनुवाद सुनाया था कविवर बच्चन ने । कविता का मूल काश्मीर में सर्व-प्रिय है यहां तक कि कई पाठशालाओं में इसे प्रात: की प्रार्थना के रूप में पढ़ा जाता है । —सम्पादक]

अदबी महफिल

२७ जनवरी १९७४ को कश्मीर भवन में अदबी महफिल की एक और बैठक हुई। काश्मीर से आये श्री मोती लाल साकी तथा मोहन निराश की उपस्थित का लाभ उठाने के लिए इस बैठक को कुछ शीघ्रता में ही बुलाया गया जिस कारण अधिक लोग इसमें भाग नहीं ले सके।

साकी साहब कुछ कारणों से उपस्थित न हो सके तथा निराश जी अकेले ही आ सके। उन्होंने अपना परिचय देते हुए कहा कि उन्होंने गांधी जी की जीवनी का काश्मीरी अनुवाद किया है जो अभी तक अप्रकाशित है। उन्होंने नादिम जी के संगीत रूपक 'बोम्बर त यम्बरजल' का भी हिन्दी अनुवाद किया है। 'कृष्ण मेरा पर्याय नामक' पुस्तक में उन्होंने स्वरचित हिन्दी गीतों का संकलन भी प्रकाशित किया है।

उन्होंने साकी की उस कविता का मूल तथा अनुवाद दोनों सुनाये जो इस वर्ष गणतन्त्र दिवस के सर्वभाषा कवि सम्मेलन में सम्मिलित थे। इसके उपरान्त उन्होंने अपनी कश्मीरी एवं कविता का भी पाठ किया जो सराहा गया।

पाणि-ग्रहण

* श्रीमती एवं श्री सुरेन्द्रनाथ गुर्टू (I-256, सरोजिनी नगर) की सुपुत्री, सरोज, का अबोहर निवासी स्व० चौ० रतिराम सिंहमार के सुपुत्र, प्रेम जी के साथ १६ जनवरी को नई दिल्ली में।

* श्रीमती एवं श्री जे०एन० धर (२६२, चान्द नगर) के सुपुत्र, सुरेन्द्र, का श्रीमती एवं श्री एच०एल० शर्मा की सुपुत्री, शशि के साथ नई दिल्ली में १६ जनवरी को।

* श्रीमती एवं श्री प्रेमनाथ काव (ए-२३/१६२, लोधी कालोनी) के सुपुत्र, प्रद्युम्न कृष्ण, का श्रीमती एवं श्री अर्जुननाथ कौल (बी-२३७, ग्रेटर कैलाश) की सुपुत्री, सरोज, के साथ २७ जनवरी को नई दिल्ली में।

* श्रीमती एवं श्री सोमनाथ कौल (एच-५७, मानकपुर) की सुपुत्री, सुमन, का श्रीमती एवं श्री आर.एन. कौल (सेवापुरी, वाराणसी) के सुपुत्र, भारत भूषण के साथ नई दिल्ली में २८ जनवरी को। उसी दिन कौल दम्पति की दूसरी सुपुत्री, बीना, का श्रीमती एवं श्री जी.के. शिवपुरी (तिमारपुर), के सुपुत्र के.के. शिवपुरी के साथ नई दिल्ली में ही संम्पन्न हुआ।

नवदम्पतियों को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं।

यज्ञोपवीत संस्कार

२५ जनवरी को श्रीमती एवं श्री अर्जुननाथ कौल (ग्रेटर कैलाश) के सुपुत्र, रमेश जी का यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न हुआ।

गृह-प्रवेश

* श्री सोमनाथ साधु (सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय) ने अपने नये मकान सी-I/७६, अशोक बिहार II-दिल्ली-५२ में प्रवेश किया हैं। वे इससे पूर्व ६-ए, गुप्ता कालोनी, दिल्ली-६ में रहते थे।

* श्री बिशम्बर नाथ कौल (आकाशवाणी) ने भी ई-१३१, मोती बाग (दक्षिण) से अशोक विहार II में ही बनाये गये नये मकान बी-III/४२ में प्रवेश किया है।

इन सब को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं।

शोक समाचार

● श्री मोती लाल, डा० गिरधारी लाल तथा डा० भारत भूषण के पूज्य पिता, श्री प्रेमनाथ धर का २६ दिसम्बर १९७३ को जम्मू में देहान्त हो गया। स्वर्गीय धर साहिब सर्वश्री काशीनाथ जाला, हृदयनाथ जाला एवं जवाहरलाल भान के मामा जी थे।

● ५ जनवरी को देहरादून में श्री के.के. धर (सचिव, तेल और प्राकृतिक गैस आयोग) के पूज्य पिता

Registration No. R.N. 12866/66 Regd. No. D(S)-017

KOSHUR SAMACHAR

A SOCIO-CULTURAL MONTHLY

रायबहादुर पं० श्याम सुन्दर लाल धर का देहावसान हो गया।

● सर्वश्री जानकी प्रसाद रैणा एवं राज्ञा प्रसाद रैणा के पूज्य पिता पं० दामोदर लाल रैणा का ६ जनवरी को नई दिल्ली में देहावसान हो गया। स्वर्गीय रैणा साहिब एक बहुत बड़े विद्वान थे।

● पं० काशीनाथ जाला के छोटे भाई श्री गोपी कृष्ण जाला का ४५ वर्ष की अल्प आयु में विदिशा (म.प्र.) में, जहां वे रेलवे के स्टेशन मास्टर थे, अचानक स्वर्गवास हो गया। स्व० गोपी कृष्ण जी एक बहुत ही सुलझे हुए तथा मिलनसार व्यक्ति थे।

● श्रीनगर के एक पत्रकार, श्री मोहन स्वामिनात्रि की पूज्य माता जी, श्रीमती सौभाग्यवती, का १७ जनवरी को जवाहर टनल पार करते-करते हृदय-गति बन्द होने से आकस्मिक देहान्त हो गया।

● श्री सोमनाथ पण्डित (जिला मजिस्ट्रेट, अलीगढ़) के पूज्य पिता पं० रामचन्द्र पंडित का २६ जनवरी को जम्मू में देहान्त हो गया।

हमें शोक संतप्त सभी परिवारों से हार्दिक सहानुभूति है। परमात्मा स्वर्गीय आत्माओं को शान्ति प्रदान करें।

हमारा पंचांग

चैत्र कृष्ण पक्ष

१३ बुधवार	—	थाल बरुन
मार्च १९७४		
१४ बृहस्पतिवार	—	सोंत। संक्रांति व्रत
१९ मंगलवार	—	पापमोचनी एकादशी
२० बुधवार	—	नवरोज; ११-३१ रात से पंचक आरम्भ

चैत्र शुक्ल पक्ष

२३ शनिवार	—	अमावस्या। विचार नाग यात्रा
२५ सोमवार	—	द्वय। पंचक समाप्त ४ ब० ३६ मि० पर
३२ रविवार	—	अष्टमी
अप्रैल १९७४		
१ सोमवार	—	रामनवमी
६ शनिवार	—	हनुमन्त जयन्ती; ईद

Printed and published by Dr. Gopi Nath Kaul from Kashmir Bhavan, Kashmir Bhavan Marg, Amar Colony, New Delhi-14, for the Kashmiri Samiti, Delhi, at New Roxy Press, South Extension Part-I, New Delhi-110049
Editor : Dr. Gopi Nath Kaul.